प्रेस नोट

थाना गुरसराय, झांसी

दिनांक 19.12.2024

थाना गुरसरांय पुलिस टीम द्वारा अन्तरजनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से 08 अदद मो0सा0 मय अवैध तमंचा व 04 अदद जिन्दा कारतूस बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी महोदया, श्रीमती सुधा सिंह व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री गोपीनाथ सोनी के कुशल निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान एवं दिये गए निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्राधिकारी गरौठा श्री राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक श्री वेद प्रकाश पाण्डेय थाना गुरसरांय के कुशल नेतृत्व में थाना गुरसरांय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 18.12.2024 को आडी सड़क के पास, गरौठा जाने वाले मार्ग पर स्थित राववीर सिंह जूदेव पब्लिक स्कूल के सामने से खेतों में जाने वाले कच्चे रास्ते पर करीब 100 मीटर आगे झाड़ियों में वहद ग्राम भसनेह थाना गुरसरांय से 01 नफर अभियुक्त अरुण प्रताप सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र बृजपाल सिंह निवासी मोहल्ला परकोटा नारायनपुरा कस्बा व थाना गुरसराय जनपद झांसी, उम्र करीब 26 वर्ष को 08 अदद मो0 साईकिल व एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व 4 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ में अभियुक्त द्वारा अपने मित्र के साथ थाना क्षेत्र एरच से एक मो0सा0, थाना मऊरानीपुर क्षेत्र से दो मो0सा0, थाना पूंछ क्षेत्र से दो मो0सा0, थाना कोतवाली उरई जिला जालौन से एक मो0सा0, कोतवाली राठ जिला हमीरपुर से एक मो0सा0 चोरी करना तथा विभिन्न स्थानों पर बेचने की बात स्वीकार की गयी है। घटना में एक अन्य अभियुक्त का सामिल होना संज्ञान में आया है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।

गिरफ्तारी तथा बरामदगी के संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना गुरसरांय पर मु0अ0सं0 248/24 धारा 35(1)/317(4) BNS व 3/25 A. Act पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त -

1. अरुण प्रताप सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र बृजपाल सिंह नि0 मु0 परकोटा नारायनपुरा कस्बा व थाना गुरसराय जिला झांसी उम्र करीब 26 वर्ष।

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 18/2018 धारा 379/411 थाना चिरगांव जिला झांसी
2. मु0अ0सं0 31/2018 धारा 379/411 थाना चिरगांव जिला झांसी
3. मु0अ0सं0 73/2024 धारा 3/25 A Act थाना एट जिला जालौन
4. मु0अ0सं0 30/2021 धारा 379/411/413 थाना गरौठा जिला झांसी
5. मु0अ0सं0 17/2018 धारा 379/411 थाना बड़ागांव जिला झांसी
6. मु0अ0सं0 13/2018 धारा 411/414 थाना सकरार जिला झांसी
7. मु0अ0सं0 15/2018 धारा 3/25 A Act थाना सकरार जिला झांसी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. व0उ0नि0 महेन्द्र सिंह भदौरिया थाना गुरसरांय जनपद झांसी।
2. उ0नि0 बलवान सिंह थाना गुरसरांय जनपद झांसी।
3. उ0नि0 अर्पित त्यागी थाना गुरसरांय जनपद झांसी।
4. का0 839 कृष्ण मुरारी थाना गुरसरांय जनपद झांसी।
5. का0 870 आशीष कुमार थाना गुरसरांय जनपद झांसी।
6. का0 1151 श्याम सुन्दर थाना गुरसरांय जनपद झांसी।